# अयोध्या के साथ-साथ राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को सोलन में भी होगा भव्य आयोजन

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन सोलन शहर में होगा भव्य कार्यक्रम का आयोजन, तीन संस्थाएं मिलकर करेंगे कार्य

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**हिंदू धर्म में 22** जनवरी, 2024 का दिन सुनहरे अक्षरों में दर्ज किया जाएगा, क्योंकि इस दिन सालों बाद अयोध्या में रामलला अपने भव्य राम मंदिर में विराजित होंगे। श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां अंतिम दौर में है। पूरी दुनिया इस ऐतिहासिक पल की साक्षी बनेगी इस दिशा में कार्य करते हुए जिला सोलन की तीन जानी-मानी संस्थाएं भी 22 जनवरी को शहर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है बीते कल मुरारी मार्केट हॉल में सनातन धर्म, श्याम परिवार सोलन ट्रस्ट और अग्रवाल महासभा इन तीनों



संस्थाओं ने एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता सनातन धर्म सभा के प्रधान रामकुमार बिंदल ने की बिंदल ने उपस्थित सभी सदस्यों के साथ राम मंदिर के लिए किस तरह से कार सेवको ने कार्य किया था उसकी यादे भी सांझा की बैठक में तय हुआ है कि 22 जनवरी को सोलन शहर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा जिस तरह अयोध्या में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन होगा उसी तरह सोलन में भी भव्य झांकियां के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी और भगवान राम के आदर्शों के बारे में जन-जन को अवगत करवाया जाए मुरारी मार्केट में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया की शाम परिवार सोलन ट्रस्ट के मुख्य सलाहकार अशोक गुप्ता को कार्यक्रम में आयोजित भव्य झांकियां की व्यवस्था का जिम्मा दिया गया है। श्याम परिवार के चेयरमैन राकेश अग्रवाल व प्रधान त्रिलोक अग्रवालए अग्रवाल सभा के प्रधान व श्याम परिवार के सदस्य दिनेश गर्गए रामकुमार बिंदल ने सयुक्त यह निर्णय लिया की कार्यक्रम भव्य, सुंदर व सुरक्षित हो इसके लिए जल्द ही कमेटीओ का गंठन कर दिया जाएगा। संस्थाओ ने सभी धार्मिक समाजिक संस्थाओ से अहवान किया है की इस दिन को यादगार बनाने के लिए आगे आए। इस बैठक में श्री सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रधान रामकुमार बिंदल अग्रवाल सभा के प्रधान दिनेश गर्ग श्याम परिवार सोलन ट्रस्ट के प्रधान त्रिलोक अग्रवाल श्याम परिवार सोलन ट्रस्ट से अध्यक्ष राकेश अग्रवाल मुख्य सलाहकार अशोक गुप्ता उप प्रधान राहुल अग्रवाल कोषाध्यक्ष राहुल गोयल मेंबर पंकज तायल अनुज गुप्ता गौरव गुप्ता राकेश अग्रवाल मुकेश मित्तल हैप्पी अग्रवाल आदि सदस्य मोजूद रहे।

# ऐतिहासिक रिज मैदान पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह

## अतिरिक्त उपायुक्त ने समारोह की तैयारियों पर बुलाई गई बैठक में सभी विभागों को जारी किए आवश्यक दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**राज्य स्तरीय** गणतंत्र दिवस समारोह-2024 हर्षोल्लास के साथ शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर मनाया जाएगा। समारोह की तैयारियों के संबंध में गत दिवस को बचत भवन में बुलाई गई एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा ने कहा कि इस समारोह की सफलता के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और अभी से समारोह की तैयारी आरंभ कर दें। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह को देखने के लिए लोग दूरदराज से आते हैं इसलिए राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में कुछ नया लोगों को देखने को मिले इस दिशा में सभी



विभाग मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि झांकियोंए मंच और रिज की सजावटए सांस्कृतिक प्रस्तुतियों सहित हर चीज में कुछ नया और बेहतर करने की कोशिश करें ताकि इस बार का गणतंत्र दिवस समारोह सभी के लिए यादगार बने। बैठक में बताया गया कि राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में जे एंड के राइफ ल्स, आईटीबीपी, पुलिस के महिला व पुरुष टुकडि ?ां, सेना पाईप बैंड, यातायात पुलिस, पुलिस बैंड, होमगार्ड, अग्निशमन सेवाए डाक सेवा, होम गार्ड बैंड, पूर्व सैनिकों का दल, एनसीसी, एनएसएस, भारत स्काउट एंड गाइड्स, आपदा प्रबंधन समूह तथा पुलिस का श्वान दल आदि शामिल होंगे।

# लाहौल-स्पीति में नोडल अधिकारी की समीक्षा बैठक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ केलांग/ अंगारिया**

**जिला लाहौल** स्पीति के उपायुक्त सभागार में नोडल अधिकारी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी केलंग रजनीश शर्मा ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इएलसी अपने सदस्यों को मतदाता पंजीकरण के प्रति जागरूक करें जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है वह अपने बूथ लेबल अधिकारी नेशनल वोटर सर्विस पोट एवं ऐप के माध्यम से जिला निर्वाचन कार्यालय मे जाकर अपना वोटर कार्ड बनवाएं, ताकि आगमी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि पूरे जिला लाहौल स्पीति के माध्यामिक और वरिष्ठ माध्यामिक तथा ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में साक्षरता कल्ब स्थापित करें और हर महीने के तीसरे शनिवार को चुनाव के प्रति कार्यशाला का आयोजन करें जिसमें 09वीं दसवीं ग्यारवीं तथा 12वीं के सभी छात्र सदस्य होगें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार स्कूलों में चुनावी पाठशाला एवं निर्वाचन साक्षरता कल्ब के माध्यम से मतदाता जागरूकता की स्वीप गतिविधियों को संचालित करें ताकि इन गतिविधियों से जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में काफ ी साकारात्मक परिणाम आऐ। इसके साथ ही इबीएम तथा वीण्वीण्पेट का उपयोग करने के बारे में जागरूक करे। इस अवसर पर स्वीप अधिकारी खुशविन्द्रर ठाकुर निर्वाचन कानूगो चंद्रकांत तथा सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# नोडल अधिकारी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला लाहौल स्पीति के उपायुक्त सभागार में नोडल अधिकारी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी केलंग रजनीश शर्मा ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इएलसी अपने सदस्यों को मतदाता पंजीकरण के प्रति जागरूक करें जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है वह अपने बूथ लेबल अधिकारी नेशनल वोटर सर्विस पोट एवं ऐप के माध्यम से जिला निर्वाचन कार्यालय मे जाकर अपना वोटर कार्ड बनवाएं ताकि



आगमी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि पूरे जिला लाहौल स्पीति के माध्यामिक और वरिष्ठ माध्यामिक तथा ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में साक्षरता कल्ब स्थापित करें और हर महीने के तीसरे शनिवार को चुनाव के प्रति कार्यशाला का आयोजन करें जिसमें 09वीं दसवीं ग्यारवीं तथा 12वीं के सभी छात्र सदस्य होगें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश अनुसार स्कूलों में चुनावी पाठशाला एवं निर्वाचन साक्षरता कल्ब के माध्यम से मतदाता जागरूकता की स्वीप गतिविधियों को संचालित करें ताकि इन गतिविधियों से जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में काफी साकारात्मक परिणाम आऐ। इसके साथ ही इबीएम तथा वीवीपेट का उपयोग करने के बारे में जागरूक करे। इस अवसर पर स्वीप अधिकारी खुशविन्द्रर ठाकुर निर्वाचन कानूगो चंद्रकांत तथा सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। जिसकी अध्यक्षता सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी केलंग रजनीश शर्मा ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इएलसी अपने सदस्यों को मतदाता पंजीकरण के प्रति जागरूक करें जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है वह अपने बूथ लेबल अधिकारी नेशनल वोटर सर्विस पोट एवं ऐप के माध्यम से जिला निर्वाचन कार्यालय मे जाकर अपना वोटर कार्ड बनवाएं, ताकि आगमी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि पूरे जिला लाहौल स्पीति के माध्यामिक और वरिष्ठ माध्यामिक तथा ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में साक्षरता कल्ब स्थापित करें और हर महीने के तीसरे शनिवार को चुनाव के प्रति कार्यशाला का आयोजन करें जिसमें 09वीं दसवीं ग्यारवीं तथा 12वीं के सभी छात्र सदस्य होगें।

## न्यूज फ्लैश

### नेहरू युवा केंद्र कुल्लू द्वारा जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के लिए आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी। नेहरू युवा** केंद्र कुल्लू युवा मामले विभाग भारत सरकार द्वारा मेरा भारत-विकसित भारत/2047 विषय पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के लिए 15-29 आयु वर्ग के युवा प्रतिभागियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। आवेदक मुख्य रूप से जिला कुल्लू का मूल निवासी होना चाहिए, 12 जनवरी 2024 तक प्रतिभागी की उम्र 15-29 के बीच होनी चाहिए भाषण का समय सात मिनट रहेगा जिला स्तर पर तीन सदस्य निर्णायक मंडल द्वारा निर्णय दिया जाएगा। निर्णायक मंडल द्वारा दिया गया निर्णय ही अंतिम एवं मान्य होगा। जिला स्तर पर विजयी प्रतिभागी का चयन राज्य स्तर के लिए किया जाएगा राज्य स्तर पर एक लाख, पचास हजार, पच्चीस हजार राशि क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले विजेता प्रतिभागियों को प्रदान की जायेगी। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आजादी के 100 वर्ष 2047 मे पूरे होने तक विकसित राष्ट्र बनाने की ओर एक कदम है जिसका उद्देश्य युवाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करना है जिससे वह अपना सवार्गीण विकास करे व उनके विचार विकसित भारत की परिकल्पना मे सहयोग दे। जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के लिए 9 जनवरी 2024 तक नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के कार्यालय में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। किसी भी अन्य जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01902-222203 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### ईवीएम व वीवीपैट प्रदर्शन का दूसरा चरण 4 जनवरी से होगा शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। सहायक निर्वाचन** अधिकारी एवं एसडीएम मंडी सदर ओम कांत ठाकुर ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंडी सदर विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम मशीन और वीवीपैट का प्रदर्शन व प्रशिक्षण का दूसरा चरण 4 जनवरी से शुरू होकर 30 जनवरी तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत मंडी सदर विधानसभा के सभी 117 मतदान केन्द्रों के मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। इसके लिए निर्धारित स्थानों का चयन और टीमों का गठन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं के समक्ष ईवीएम और वीवीपैट मशीन का प्रदर्शन और परिचालन संबंधी प्रयोग कराया जाएगा। मतदाताओं को मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का बटन दबाकर वोट डालने और वीवीपैट पर वोट की पर्ची से मिलान दिखाया जाएगा।

# जोगिंद्रनगर से दिल्ली निगम की एसी बस को कामयाब बनाने के लिए जन सहयोग अपेक्षित

**टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंद्रनगर/ संगराय**

**जोगिंद्रनगर से** शाम को 7 बजे चलने वाली जोगिंद्रनगर बस डिपो की एसी बस सेवा जिसे हाल ही में लोगों की मांग पर शुरू किया गया है, रूट को सफ ल बनाने की आवश्यकता है। हालंकी निगम के अधिकारियों ने इस बस सेवा को ऑर्डिनरी किराए पर चलाया गया है और साधारण किराए पर लोगों को एसी की सुविधा प्रदान की जा रही है के बावजूद भी सवारीयो का अभाव है। यह बस सेवा जोगिंद्रनगर बस स्टैंड से



शाम 7 बजे वाया कांगड़ा, देहरा चलकर सुबह 7 बजे आईएसबीटी पहुंचती है। शाम को 8:15 बजे आईएसबीटी से चलकर सुबह 7 बजे जोगिंद्रनगर पहुंचती है। कम किराए में विभाग ने यह बेहतरीन बस सेवा शुरू की है ताकि लोगों को चंडीगढ़ अंबाला दिल्ली आदी जाने वाले यात्रियों को अच्छी बस सुविधा मिल सके। विभागीय सूत्रों का कहना है कि अगर यह बस कामयाब नहीं होती है तो इसे बंद किया जा सकता है। विभाग ने सवारी से आग्रह किया है कि इस बस सेवा को कामयाब बनाएं ताकि लोगों को साधारण किराए में बेहतरीन सुविधा दी जा सके।

# कॉलेज भवन निर्माण के लिए 13 लाख जारी: चंपा ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

बलभ महाविद्यालय मंडी के नए भवन निर्माण हेतु मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने 13 लख रुपए की राशि जारी कर दी है। मंडी के गांधी भवन में सदर कांग्रेस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेत्री व सदर रही कांग्रेस प्रत्याशी चंपा ठाकुर ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि कॉलेज भवन का निर्माण कार्य चल रहा था मगर लोगों ने मुख्यमंत्री से मांग की कथा मुख्यमंत्री ने तुरंत प्रभाव से 13 लख रुपए की राशि जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जो वादे किए हैं वह तमाम वादे पूरे किए जाएंगे तथा मुख्यमंत्री में महिलाओं को जो रू 1500 देने घोषणा की है उसकी शुरूआत लाहौल स्पीति से कर दी है। प्रदेश में आपदा आई तथा उसे आपदा से निपटने के लिए 4500 करोड रुपए आपदा राहत के लिए जारी कर दिए हैं वह पैसे महिलाओं को देने के लिए रखे गए थे। उन्होंने कहा कि सरकार जो कहती है वह करती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झूठ से लोगों का ध्यान भ्रमित कर रही है। उन्होंने सदर कांग्रेस के कार्यकताओं से आवाहन किया कि वह संगठन को मजबूत करने के लिए काम करें।

# एनएसएस स्वयं सेवकों ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के लिए जुटा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला। राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक पाठशाला दाडगी की ओर से आज यहां लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के लिए 31 हजार रुपये का चेक भेंट किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. राजेन्द्र कुमार ने बताया कि दाडगी स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान आसपास के गांवों से यह चन्दा एकत्रित किया। इसमें ग्राम पंचायत प्रधान मीरा शर्मा सहित कृष्णा शर्मा, हेमन्त कंवर, समर सिंह ने भी अपना उल्लेखनीय योगदान दिया।

# सिरमौर में हाटियों के प्रमाण पत्र बनना शुरू: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**सिरमौर के** गिरिपार क्षेत्र के 155 पंचायतों के हाटी समुदाय को अनुसूचित जनजाति घोषित करने के बाद अब पूरे गिरिपार क्षेत्र के लोगों ने प्रशासनिक कार्यालयों में प्रमाण पत्र बनाने शुरू कर दिए है। इस सिलसिले में उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने एक अधिसूचना जारी कर दी है, जिसमें हाटी अनुसूचित जनजाति की नियम अनुसार अनुपालना करने को लेकर जिला सिरमौर के समस्त उपमंडलाधिकारी नागरिक, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार को



हाटी अनुसूचित जनजाति की अधिसूचना की अनुपालना करने के निर्देश दिए है। सुमित खिमटा द्वारा जारी अधिसूचना में स्पष्ट कहा गया है कि प्रधान सचिव जनजातीय विकास हिमाचल प्रदेश सरकार के कार्यालय से प्राप्त पहली जनवरी, 2024 के पत्र अनुसार स्पष्ट किया गया है कि भारत सरकार के जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश के गिरिपार क्षेत्र को हाटी जनजाति का दर्जा दिया गया है।

इसमें उन समुदाय को छोडक? जो कि पहले ही अनुसूचित जाति में शामिल है को अधिसूचित किया गया है। ऐसे में उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा द्वारा जिला के सभी उपमंडलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार को जारी निर्देश के बाद अब अनुसूचित जनजाति के हाटी कबीले के प्रमाण पत्र बनने शुरू हो गए है। मंगलवार को जिला सिरमौर के संगड़ाह में जहां पहला हाटी अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र बनने पर स्थानीय लोगों ने सिरमौर जिला के पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर संगड़ाह बस स्टैंड पर जमकर नाटियां लगाई। इस अवसर पर भाजपा नेता रणजीत सिंह चौहान ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आखिरकार पांच दशक से अधिक समय से संघर्ष व इंतजार के बाद हाटी को अनुसूचित जनजाति का अधिकार मिला है।

# 'एबीवीपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में हुए छह प्रस्ताव हुए पारित'



**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का अधिवेशन दिल्ली में आयोजित किया गया। यह जानकारी मंडी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सह मंत्री विशाल ठाकुर ने दी। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय अधिवेशन में पूरे देश से करीब 10000 सदस्यों ने भाग लिया जिसमें से हिमाचल प्रदेश से करीब 250 सदस्य शामिल थे। राष्ट्रीय अधिवेशन में 6 प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें पहला प्रस्ताव राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का था। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी तथा देश भर के लोग 22 जनवरी को अपने नजदीक के मंदिरों में जाकर भजन कीर्तन करें तथा शाम को दीपो उत्सव मनाए। उन्होंने कहा कि इस अधिवेशन में गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए तथा उन्होंने बहुत बड़ी बात कही कि वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रोडक्ट है । हमें गर्व है कि हम जिस संगठन में काम कर रहे हैं वह देश भक्ति से लवरेज संगठन है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर नारी शक्ति का सामान किया है। देश में गुणबता वाली शिक्षा मिले इसके लिए सरकार प्रावधान करें। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कभी भी राजनीति में नहीं पड़ता तथा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर देश हित और छात्र हित की बात करता है। राष्ट्रीय अधिवेशन में युवाओं को जो मार्ग दिखाया गया वह सशक्त भारत की परिकल्पना है। देश का युवा भारत के विकास के लिए निरंतर प्रयास करें क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट संदेश है कि आने वाली 25 वर्ष युवाओं के भविष्य के हैं।

# संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक 5 को मंदरीघाट नंनावा में

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर। अनुसूचित जाति** जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा जिला बिलासपुर के खंड-1 सदर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत ननवा के गांव मदरी घाट के समीप 5 जनवरी, 2024 को 11 बजे प्रधान इंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें संविधान बचाओ अभियान व अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में जिला कार्यकारिणी प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी भाग लेंगे। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष सीता राम कौंडल ने सभी समाज के लोगों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर बैठक को सफल बनाएं।

# कांग्रेस सरकार की सांसे केंद्रीय बजट की योजनाओं पर अटकी: अजय राणा

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने कहा कि प्रदेश के बजट की सांस केंद्रीय बजट की योजनाओं में अटकी है। मात्र केंद्र की योजनाओं से ही हिमाचल का विकास हो रहा है। मोदी सरकार की सहायता से इस तरह हिमाचल प्रदेश की भिन्न-भिन्न प्रोजेक्ट चले हैं। राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि-1 के अंतर्गत 42 करोड 80 लाख रुवए 16 मई 2023 में भेजी गई। अन्य डीएम परियोजनाएं (स्कूल सुरक्षा सहित)-1 के अंतर्गत 5 लाख 7 हजार रुपए 25 मई 2023 को प्राप्त हुई। राजस्व हानि के लिए राज्यों को मुआवजा-1 के अंतर्गत 29 करोड़ 11 लाख रुपए 22 जून 2023 को प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ. 1 के अंतर्गत 180 करोड़ 40 लाख रुपए 10 जुलाई 2023 को प्राप्त हुई। एसडीआरएफ. 2 के अंतर्गत 180 करोड़ 40 लाख रुपए 17 जुलाई 2023 को प्राप्त हुई। राज्य को विशेष सहायता हेतु योजना-1 के अंतर्गत 553 करोड़ 36 लाख 10 हजार रुपए 26 जुलाई 2023 को प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि चुनाव-1 के अंतर्गत 25 करोड़ 98 लाख 23 हजार 101 रुपए 24 जुलाई 2023 को प्राप्त हुई। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ )-1 के अंतर्गत 189 करोड़ 27 लाख रुपए 7



अगस्त 2023 को प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस की सरकार 11 दिसंबर 2022 को बनी थी, मार्च 2023 से पहले निम्न अनुभाग हिमाचल प्रदेश को केंद्र ने भेजे हैं। इनमें राज्य को ऋ ण के रूप में विशेष सहायता हेतु योजना-2 के अंतर्गत 50 करोड़ 14 दिसंबर 2022 को प्राप्त हुआ। राज्य को ऋ ण के रूप में विशेष सहायता हेतु योजना-3 के अंतर्गत 42 करोड़ 15 दिसंबर 2022 को प्राप्त हुए। शहरी स्थानीय निकाय अनुदान-4 32 करोड़ 40 लाख रु 24 जनवरी 2023 को प्राप्त हुई। शहरी स्थानीय निकाय अनुदान-48 करोड़ 60 लाख रु 31 जनवरी 2023 को प्राप्त हुए। राज्य को ऋ ण के रूप में विशेष सहायता हेतु योजना-4 के अंतर्गत 69 करोड़ 99 लाख रु 8 फ रवरी 2023 को प्राप्त हुए। राजस्व हानि के लिए राज्य को मुआवजा-3 के अंतर्गत 228 करोड़ 80 लाख 95 हजार रु 23 फ रवरी 2023 को प्राप्त हुए। कुल 11 दिसंबर 2022 से 10 नवंबर 2023 तक 2744 करोड़ 36 लाख 65 हजार 384 रुपए 12 दिसंबर को गृह मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से 633.73 करोड़ रू की अतिरिक्त वित्तीय सहायता को मंजूरी दी। (यह राशि अतिरिक्त है) 3378 करोड़ 9 लाख 65 हजार इस तरह हम कह सकते हैं कि हिमाचल प्रदेश मोदी सरकार की प्राथमिकता पर है। हिमाचल से उनका पुराना नाता रहा है जिस कारण जब भी उन्हे हिमाचल के किसी कार्य के बारे में अवगत कराया गया तो उन्होंने उसे न केवल हामी भरी बल्कि तुरंत वह राशि हिमाचल प्रदेश को भेजी।

# मुख्यमंत्री ने रिपोर्ट प्रबन्धन पोर्टल और बैठक प्रबन्धन पोर्टल लॉंच किए

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**प्रशासनिक सुधारों** की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुएए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को रिपोर्ट प्रबंधन पोर्टल (आरएमपी) और बैठक प्रबंधन पोर्टल (एमएमपी) लॉन्च किए। डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस विभाग द्वारा विकसित किए गए यह पोर्टल संभवतः देश में अपनी तरह के पहले पोर्टल हैं। इन्हें विकसित करने का मुख्य उद्देश्य प्रशासन में निर्णय लेने, डेटा प्रबंधन और संचार में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिपोर्ट प्रबंधन पोर्टल को विभागों, बोर्डों और निगमों में विभिन्न प्रकार की रिपोर्ट भेजने और निगरानी प्रक्रिया को



सुव्यवस्थित करने के लिए तैयार किया गया है। इन पोर्टल में निर्णय लेने के दृष्टिगत वास्तविक समय में डेटा पहुंच की सुविधा उपलब्ध है। इस पोर्टल में एक-क्लिक पर एसएमएस और ईमेल के माध्यम से विभिन्न प्रकार के नोटिस जारी करने की सुविधा के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों को स्वचलित रूप से अनुस्मारक और सूचनाएं भेजने की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट प्रबन्धन पोर्टल कार्यालयों को अपने रिपोर्टिंग प्रारूप अपलोड करने की अनुमति प्रदान करता है, जिससे शासन के विभिन्न स्तरों पर पहुंच सुनिश्चित होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएमपी एक मानकीकृत प्रारूप में स्पष्ट व प्रामाणिक डेटा एकत्र करेगाए जिसका उद्देश्य सरकारी कामकाज में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता बढ़ाना है। एमएमपी बैठक से संबंधित नोटिस और कार्यवाही जारी करने तथा सचिवालय से क्षेत्रीय कार्यालयों तक संचार को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक समाधान के रूप में कार्य करेगा। यह पोर्टल बैठक की समयसीमा को सावधानीपूर्वक ट्रैक करते हुए बैठकों के निर्धारण, आयोजन एवं समय पर इन्हें सम्पन्न करने में सहायक होगा तथा बैठक की कार्रवाई व निर्णयों को रिकॉर्ड भी करेगा और बैठक के उपरान्त इन तक पहुंच भी आसान होगी। यह पोर्टल निर्णय कार्यान्वयन पर कुशल ट्रैकिंग और अनुवर्ती कार्यवाही की सुविधा भी प्रदान करता है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि दोनों प्रणालियां सरकार के भीतर महत्वपूर्ण संचारए निर्णय लेने की क्षमता और डेटा प्रबंधन चुनौतियों का सफलतापूर्वक समन्वय करती हैंए जोकि आधुनिक प्रौद्योगिकी के दृष्टिगत शासन में संवेदनशीलता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए एक उल्लेखनीय पहल है। उन्होंने कहा कि अपने कामकाज में आधुनिक प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करने के लिए राज्य सरकार दृढ़ता से कार्य कर रही है ताकि लोगों को इनके बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकें।

# वेतन न मिलने से सरकार से नाराज हुए बिजली बोर्ड कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**बिजली बोर्ड** में तैनात कर्मचारियों को समय पर इस बार वेतन नहीं मिल पाया है जिसको लेकर बुधवार को लंच टाइम में पूरे प्रदेश भर में बिजली बोर्ड के कर्मचारियों द्वारा नारेबाजी कर गेट मीटिंग को किया गया, इसी के साथ कर्मचारी स्थाई एमडी की नियुक्ति और ओपीएस बहाली की मांग भी इस प्रदर्शन के दौरान की गईए सोलन में भी लंच टाइम में कर्मचारियों ने गेट मीटिंग को किया और नारों के माध्यम से अपनी बात सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया है। वहीं बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन में प्रदेश सेकेट्री जितेंद्र सिंह ने जानकारी देते बताया कि बिजली बोर्ड के कर्मचारियों द्वारा बुधवार को प्रदेश में लंच टाइम में गेट मीटिंग का आयोजन किया गया है इस दौरान वे लोग सरकार को यह



चेताने का प्रयास कर रहे हैं कि कर्मचारियों की अभी तक सैलरी नहीं आई है वहीं दूसरी तरफ पेंशनरों की भी पेंशन नहीं मिल पाई है। इसी के साथ हर विभाग में जिस तरह से ओपीएस बहाल सरकार द्वारा की गई है लेकिन बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को ओपीएस की बहाली के लिए भी अभी इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ कर्मचारियों ने बिजली बोर्ड में स्थाई एमडी की नियुक्ति करने की भी मांग की है क्योंकि यदि बिजली बोर्ड में एमडी होगा तो जिस तरह से बिजली बोर्ड घाटे में जा रहा है उसके नुकसान से भी बचा सकेगा वहीं कर्मचारियों की बातों को भी समय-समय पर सुना जाएगा। उन्होंने कहा कि आज इसको लेकर प्रदेश भर में लंच टाइम में बिजलीं बोर्ड के कर्मचारियों द्वारा गेट मीटिंग का आयोजन किया गया है।

# बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को अब तक नहीं मिला वेतन, कर्मचारियों ने की गेट मीटिंग

**टीम एक्शन इंडिया/ परवाणू/ ग्रोवर**

**हिमाचल प्रदेश** में विद्युत बोर्ड कर्मचारियों को वेतन ना मिलने का मामला अब तूल पकड़ता दिख रहा है। इसी कड़ी में परवाणू विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जॉइंट फ्रं ट के माध्यम से गेट पर रोष प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान परवाणू सब डिवीज? विद्युत बोर्ड के अधिशाषी अभियंता विकास गुप्ता, एसडीओ परविंदर सिंह, राजिंदर सिंह, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, संजीव कुमार सहित बिजली बोर्ड के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी



मौजूद रहे। बता दें की बिजली बोर्ड के 43 हजार कर्मचारियों और पेंशनरों के वेतन देने के लिए हर माह 200 करोड़ रुपये की आवश्कता होती है।

अब तक हर माह के आखिरी दिन या नये माह के पहले दिन पेंशन और वेतन जारी कर दिया जाता था, परन्तु इस बार किसी को वेतन नहीं मिला। इस दौरान कर्मचारियों की जॉइंट यूनियन के सेक्रेटरी दिनेश कुमार नें कहा की लगभग पचास वर्षो के बाद विद्युत बोर्ड के अधिकारियों व कर्मियों को यह दिन देखना पड़ रहा है। उधर, परवाणू सब डिवीजन विद्युत बोर्ड के अधिशाषी अभियंता विकास गुप्ता नें कहा की कर्मचारियों को वेतन ना मिलना विद्युत बोर्ड प्रबंधन की नाकामी को दशार्ता है। विद्युत बोर्ड में लगभग 52 वर्षो बाद यह दिन देखने को मिला है, जब कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला। उन्होंने कहा की इस बारे प्रदेश सरकार और विद्युत बोर्ड प्रबंधन को सोचना चाहिए। विकास गुप्ता नें कहा की प्रदेश सरकार ओपीएस की गारंटी को लेकर आई थी परन्तु विद्युत बोर्ड को इस का अभी तक कोई लाभ नहीं मिल पाया है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

# निजी बस चालकों ने हड़ताल को किया खत्म, सोलन में भी शुरू हुई निजी बस सेवा

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**हिट एंड रन** कानून में बदलाव को लेकर चालकों द्वारा दो दिनों तक हड़ताल की गई निजी बस चालकों ने भी सोलन में इस हड़ताल को जारी रखा जिस कारण आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लेकिन आज बुधवार को इस हड़ताल को निजी बस चालकों द्वारा खत्म कर दिया गया है आज से सभी निजी बस चालकों द्वारा अपनी बसों को अपने-अपने रूटों पर चलाया जा रहा है। सोलन बस स्टैंड से भी सोलन



शिमला, नालागढ़, नाहन और कालका के बस सुबह से ही चल रही है। निजी बस चालकों ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि हिट एंड रन कानून में जो बदलाव सरकार की ओर से किया गया था उसको लेकर सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है जिसके बाद चालकों ने अपनी हड़ताल को खत्म किया है। उन्होंने कहा कि अब वह अपने-अपने रूटों पर चल रहे हैं और उनकी ओर से हड़ताल को खत्म कर दिया गया है।

## शिक्षा मंत्री ने पहाड़ी क्षेत्रों में मकानों का बीमा करवाने की आवश्यकता पर दिया बल

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा।** **शिक्षा मंत्री** रोहित ठाकुर ने कहा कि आपदा की स्थिति में प्रदेश सरकार द्वारा आपदा राहत मैन्युअल के तहत राहत प्रदान की जाती है, लेकिन यह भी आवश्यक है कि पहाड़ी क्षेत्रों में लकड़ी के मकानों में रहने वाले लोग अपने मकानों का बीमा भी करवाएं, जिससे उनके नुकसान की क्षतिपूर्ति हो सके। उन्होंने पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधियों से इस विषय में लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। यह बात शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज जुब्बल तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत शिल्ली के प्राउंठी गाँव में 1 जनवरी, 2024 की रात हुई आगजनी की घटना का जायजा लेने के उपरांत कही।

# संजय अवस्थी ने विद्यार्थियों से तकनीक के सदुपयोग का किया आग्रह

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**मुख्य संसदीय** सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग) संजय अवस्थी ने विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि तकनीक का सदुपयोग करें ताकि यह उनकी लक्ष्य प्राप्ति में सहायक बन सके। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी की निर्भरता स्मार्ट फ ोन पर अत्याधिक बढ़ रही है। यह उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य



को हानि पहुंचाने के साथ-साथ युवाओं के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रही है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट फ ोन का उपयोग, दुरुपयोग में नहीं बदलना चाहिए। इस दिशा में जहां अभिभावकों और अध्यापकों को युवा पीढ़ी को समझाना होगी वहीं युवाओं को भी स्मार्ट फ ोन के दुरुपयोग की अपनी प्रवृति पर अंकुश लगाना होगा। उन्होंने कहा कि समय अत्यंत मूल्यवान है और समय का सदुपयोग ही भविष्य को सुरक्षित बना सकता है। उन्होंने अभिभावकों से युवाओं को अधिक समय देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में शिक्षा में गुणवत्ता को बढ़ाने के हर सम्भव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से समस्त सरकारी विद्यालयों में पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम में शिक्षा आरम्भ की जाएगी ताकि युवाओं की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमताओं में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्रदेश में स्थापित होने वाले राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल भी महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे। संजय अवस्थी ने छात्रों से आग्रह किया कि अपने परिजनों एवं अन्य को प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना की जानकारी दें। यह योजना युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने की दिशा में सहायक बनेगी। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि क्षेत्र का विकास सर्वोपरि है और इस दिशा में धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट में विज्ञान खण्ड भवन के निर्माण के लिए 17 लाख रुपए का प्रावधान कर दिया गया है। उन्होंने विद्यालय में शौचालय के निर्माण के लिए 02 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में 20 लाख रुपए की लागत से अतिरिक्त भवन का निर्माण कार्य शीघ्र आरम्भ होगा।

# सरकार और प्रशासन के आदेशों की की गई अनुपालना : शैलेंद्र शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**हिट एंड रन कानून** के विरोध में वाहन चालकों और चालकों ने जो हड़ताल की थी उसके चलते शनिवार से लेकर मंगलवार तक पेट्रोल पंप ईंधन रहित हो गए थे। सरकार की ओर से हिंदुस्तान पैट्रोलियम के पेट्रोल पंप में बाहरी राज्यों से आए हुए टूरिस्ट को डीजल और पेट्रोल मुहैया करवाने के निर्देश जारी हुए थे जिसकी पूर्ण रूप से अनुपालना की गई। मंडी के ऋ षि पेट्रोल पंप के मालिक शैलेंद्र शर्मा ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम के नालागढ़ डिपो में आदेश दिए थे के हिमाचल



प्रदेश में जितने भी हिंदुस्तान पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप है वहां पर बाहरी राज्य से आए हुए प्रेरकों को पेट्रोल और डीजल मुहैया करवाया जाए। हिमाचल में आए हुए कोई भी पर्यटक निराश होकर न जाए तथा हड़ताल का जो बुरा असर पेट्रोल पंप पर पड़ा है उसका उन्हें खामियाजा न भुगना पड़ा। जिलाधीश मंडी अरिंदम राय ने भी यही आदेश जारी किए थे। ऋ षि पेट्रोल पंप की ओर से कुल्लू मनाली से हजारों वाहनों को तेल भरवाया गया तथा कोई भी वाहन बिना तेल भरे ऋ षि पेट्रोल पंप से नहीं गया। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था और सुरक्षा की दृष्टि से जिला पुलिस अधीक्षक मंडी में विशेष पुलिस बल पेट्रोल पंप पर तैनात किए थे जिससे जहां कानून व्यवस्था बनी रही वहीं वाहन मालिकों को अपनी गाडि ?ों में पेट्रोल पेट्रोल भरवाने में भी आसानी हुई। उन्होंने ऋ षि पेट्रोल पंप का सहयोग करने के लिए उपयुक्त अरिंदम चौधरी और एसपी मंडी का विशेष आभार जताया है।

## कुल्लवी सांस्कृतिक परिधानों में सजी महिलाएं बनी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

**मनाली विंटर** कार्निवाल 2024 के दूसरे दिन लगभग 1200 महिलाओं ने एक जैसे कुल्लवी पारंपरिक परिधानों में सजकर मनाली के मॉल रोड़ पर महानाटी डाली। लेफ्ट बैंक मनाली के लगभग 98 महिलामंडलों की महिलाओं ने इस महानाटी में भाग लिया। कुल्लू का यह प्रसिद्ध लालड़ी नृत्य प्राचीन काल से चला आ रहा गई। विंटर कार्निवाल मनाली में पिछले कुछ सालों से महिला इस नृत्य को एक प्रतियोगिता के तौर पर करती आ रही हैं। महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए महिलाओं द्वारा की गई नाटी को मनाली मॉल रोड़ पर पर्यटकों द्वारा भी काफ ी सराहा गया। इस अवसर पर मनाली मॉल रोड़ पर बने विंटर कार्निवाल 2024 के मंच से प्रदेश के पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, मंडी से कांग्रेस विधायक चंद्र शेखर ए मनाली विधानसभा विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने भी नाटी का आनंद लिया । दूसरे चरण में 5 जनवरी को भी राइट बैंक मनाली के लगभग 112 महिला मंडलों की महिलाएं नाटी डालेंगी।

# भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस ने खेलों को भी नहीं बक्शा : अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**सांसद खेल** महाकुंभ के अंतर्गत हर वर्ष 20 प्रतिशत खिलाडि ?ों की वृद्धि होना तथा इस बार सांसद खेल महाकुंभ में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से ही 49000 खिलाडि ?ों का भाग लेना यह दशार्ता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाया गया खेलो इंडिया वह फि ट इंडिया अभियान किस तरह से युवाओं को नशे से दूर ले जाने में सार्थक सिद्ध हो रहा है। यह बात सांसद खेल महाकुंभ के समापन अवसर पर घुमारवीं में विजेता खिलाडि ?ों के सम्मान समारोह में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने संबोधन में कहीं। उन्होंने कहा कि 75




वर्षों के इतिहास में खिलाडि ?ों ने आज तक के सबसे ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मैडल जीते। उन्होंने कहा कि इस बार आज तक के इतिहास में एशियन गेम्स में भारतवर्ष ने सबसे ज्यादा 107 मेडल हासिल किए। इसी तरह पैरा एशियाई गेम्स में दिव्यांग खिलाडि ?ों ने 111 मेडल जीतकर इतिहास रचा है। उन्होंने कहा की 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार खेलों को बढ़ावा नहीं देती थी तथा खेलों में भाई भतीजा बाद वह भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था उस समय खेलों के लिए जो बजट केवल 900 करोड़ होता था जो आज मोदी सरकार में 3400 करोड़ हो चुका है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने खेलो इंडिया अभियान की शुरूआत कर इस पर 3200 करोड़ का बजट प्रदान किया । उन्होंने कहा की सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए पूरे भारतवर्ष में 1000 खेलो इंडिया सेंटर खोलने जा रही है। जिसमे हर जिले में एक सेंटर खोला जाएगा। जिसमे 1000 पूर्व खिलाड़ियों को सेंटर चलाने का अवसर दिया जाएगा। जिससे पूर्व खिलाड़ियों को एक तो आय का साधन होगा तथा साथ ही इन सेंटरों में हजारों खिलाड़ी तैयार होकर खेलो इंडिया व फि ट इंडिया अभियान को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। उन्होंने इस अवसर पर घुमारवीं में इंडोर स्टेडियम खोलने की भी घोषणा की। पूर्व मुख्य मंत्री जय राम ठाकुर ने पिछली प्रदेश सरकार की व भारत सरकार की जन हितैषी स्कीमों की चर्चा की । इस अवसर पर पूरे संसदीय क्षेत्र से सांसद खेल महाकुंभ में भाग लेने वाले विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक विक्रम ठाकुर, रणधीर शर्मा, त्रिलोक जमवाल, जीत राम कटवाल, प्रदेश पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, भाजपा प्रवक्ता महेंद्र धमार्णी, बिलासपुर जिला के संयोजक विशाल जगोता आदि मौजूद रहे।

## लापता चालक का शव मिला, दूसरे शव की तलाश जारी

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री। 1 जनवरी** को मंडी के नजदीक बिंद्राबनी के पास आपसी कहा सुनी के चलते ब्यास नदी में गिरे दो चालकों में से एक का शव बरामद हो गया है। इस शव की पहचान अमनदीप निवासी पंजाब के रूप में हुई है। जबकि दूसरे शव की तलाश एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम लगातार कर रही है। 1 जनवरी को करीब शाम 7 बजे बिंद्रा बनी के समीप दो चालकों की आपसी ओवरटेक के मामले को लेकर कहा सुनी हो गई थी तथा वह आपस में उलझने के बाद चालक का पैर फिसल गया और वह दोनों व्यास नदी में जा गिरे।

# बैहना जट्टां में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले को किया याद

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**हिमाचल प्रदेश** अनुसूचित जाति जन जाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा बुधवार को देश की पहली शिक्षिका तथा महिलाओं के उत्थान की ध्वजवाहक सावित्री बाई फु ले की जयंती बैहना जट्टां पंचायत के गांव डोल में बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम में महिला मंडल धड़वाली, बैहना जट्टां, कोठी, दुर्गा सेवा समिति डोल, अनुसूचित जाति युवा विंग, रविदास महासभा बैहना जट्टां और संयुक्त संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं और अन्य लोगों को संबोधित करते



हुए धड़वाली महिला मंडल की प्रधान अंजना कुमारी ने कहा कि महाराष्ट्र में 3 जनवरी 1831 को पैदा हुई सावित्री बाई फु ले ने अपने क्रांतिकारी पति ज्योतिबा फुले के साथ हुई। उन्होंने कहा कि महिलाओं की दुर्दशा से चिंतित इन्होंने नारी मुक्ति आंदोलन की शुरूआत करते हुए सबसे पहले सशक्त हथियार शिक्षा को अग्रणी करने की बीड़ा उठाया और 18 स्कूल केवल महिलाओं के लिए खोले, यह देश की प्रथम महिला शिक्षिका थी। महिला मंडल डोल की प्रधान मीरा देवी और महासचिव निर्मला देवी ने कहा कि उन्होंने 28 जनवरी, 1853 को गर्भवती बलात्कार पीड़ितों के लिए बाल हत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना की जबकि 19वीं सदी में छुआछूत, सती प्रथा, बाल विवाह और विधवा विवाह निषेध जैसी कुरीतियों के लिए अपने पति के साथ मिलकर लड़ाई लड़ी। जबकि कोठी महिला की प्रधान मीरा देवी, दुर्गा सेवा समिति की प्रधान फू लां देवी, जमना देवी व यूथ विंग खंड झंडूता के महामंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सावित्री बाई फु ले का संपूर्ण जीवन समाज के वंचित तबके विशेषकर महिलाओं और दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष में बीता। उन्होंने लोगों को उनके अधिकारों के बारे में बताकर अपने हकों के लिए लड? के लिए प्रेरित किया। वहीं गुरू रविदास सभा बैहना जट्टां के मुख्य संरक्षक हरी राम वर्धन ने कहा कि सावित्रीबाई फु ले ने जब महिलाओं के लिए लड?ा शुरू किया तो उन्होंने बिना किसी जातिगत भेदभाव से लड़ाई लड़ी तथा समाज की गंदी मानसिकता से लड़ते हुए उस मुकाम को हासिल करने में कामयाबी हासिल कीए जिसके तहत आज महिलाएं सिर उठाकर पुरूष प्रधान समाज के साथ कंधे से कंधा मिलकार राष्ट्र निमार्ण में अहम भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान नारी शिक्षा एवं उत्थान को लेकर कविताओं और लघु नाटिका के माध्यम से सावित्रीबाई फुले को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# पंजगाई के आशीष शर्मा तट रक्षक बल कॉस्ट गार्ड में डीआईजी पद पर पदोन्नत

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**जिले के पंजगाई** कस्बे के आशीष शर्मा सुपुत्र हंस राज शर्मा तट रक्षक बल (कोस्ट गार्ड) में डीआईजी पद पर पदोन्नत हुए हैं जो कि जिला के लिए गौरव का विषय है। उल्लेखनीय है कि इस पद पर पहुंचने वाले आशीष शर्मा जिला के पहले युवा हैं जिन्होंने अपनी काबलियत के बूते इस मुकाम को हासिल किया है। शिक्षा विभाग से सेवानिवृत स्वर्गीय हंसराज शर्मा के सबसे छोटे पुत्र आशीष शर्मा की प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय स्कूल और फिर सैनिक



स्कूल सुजानपुर में हुई। बिलासपुर कालेज में स्नातक की उपाधि हासिल करने के बाद आशीष शर्मा वर्ष 2003 में भारतीय तटरक्षक बल में एक प्रमाणित अधिकारी (कमीशन ऑफि सर) के पद पर तैनात हुए। घर में इसकी सबसे बड़ी बहन आरती चंदेल मिनर्वा शिक्षण संस्थान में प्रबंधन समिति सदस्य हैं जबकि इनके बड़े भाई अमित शर्मा भारतीय सेना में कर्नल है।

